हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज


भोपाल, रविवार 15 फरवरी 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 उदयपुर का हजारिया महादेव मंदिर एक...



08 महाशिवरात्रि पर्व पर प्रसिद्ध शिव मंदिरों में लगेंगी ...



## खबर संक्षेप

### बिना अनुमति धरना प्रदर्शन, रैली व जुलूस पर लगाया प्रतिबंध

**विदिशा।** कलेक्टर ने बिना अनुमति के धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन, रैली, जुलूस, पुतला दहन तथा अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। एसपी ने जो प्रतिवेदन कलेक्टर को दिया है उसमें ऐसे आयोजनों से यातायात बाधित होने, विधि-विरुद्ध गतिविधियों की आशंका तथा सामाजिक वैमनस्य व अशांति उत्पन्न होने की संभावना जताई थी। कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### कागपुर में 10 किसानों के पंप केबल चोरी

**कागपुर।** ग्राम सुरई मूड़रा में अज्ञात चोरों ने बीती रात 12 बजे के बाद 10 किसानों की पंप मोटर की केबिन काटकर चुरा कर ली। किसानों का कहना है कि चोरों का इतना आतंक बढ़ गया है कि चोरों ने रात के समय चोर केबिल को छीलकर उनके तार निकाल ले गए। चोर कई बार केबिल काटकर ले जा चुके हैं। करीब 10 किसानों की केबिल चोरी की गई है। किसान गजराज सिंह रघुवंशी, राजेंद्र रघुवंशी, मनीष रघुवंशी, संजय रघुवंशी, मुकेश रघुवंशी, वीर सिंह रघुवंशी, संग्राम रघुवंशी की केबिल चोरी हुई है।

### बाल विवाह रोकथाम को लेकर हुई बैठक

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कांसवा के मार्गदर्शन में सिरोंज परियोजना अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तृतीय चरण में सेवाप्रताओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, हेल्पलाइन 1098 व 112 पर त्वरित सूचना तथा नाबालिग विवाह रोकने में समुदाय की जिम्मेदारी पर विस्तार से जानकारी दी गई। अंत में सभी को शपथ दिलाकर बाल विवाह न करने और रोकने का संकल्प कराया गया।

### दंगल में प्रदेशभर के पहलवान दिखाएंगे दम

**विदिशा।** शंकर अखाड़ा द्वारा महाशिवरात्रि पर आज स्व. उस्ताद अनिल चाचा की स्मृति में प्रदेश स्तरीय कुश्ती दंगल आयोजित होगा। प्रतियोगिता चरण तीरथ मंदिर परिसर में होगी, जिसमें मप्र के दिग्गज पहलवान 4 वजन वर्गों में दमखम दिखाएंगे। वजन प्रक्रिया सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक तथा मुकाबले दोपहर 2 बजे से शुरू होंगे। विजेताओं को नगद पुरस्कार, गुरुज और शील्ड प्रदान किए जाएंगे।

### 7.4 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर सूचना पर ग्राम घाट पिपरिया के पास घेराबंदी कर एक व्यक्ति को 7 किलो 400 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी राजेन्द्र सिंह जादौन के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### कक्षा में ही बनाया जा रहा मध्यान्ह भोजन

**ग्यारसपुर।** जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत ग्राम आमखेड़ा की प्राइमरी शाला में विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मध्यान्ह भोजन के लिए अलग किचन शेड बनाया गया है, लेकिन उसका उपयोग नहीं हो रहा। जिस कक्ष में बच्चों की पढ़ाई होती है, वहीं गैस सिलेंडर, चूल्हा और खाद्य सामग्री रखी जा रही है तथा कई बार भोजन भी वहीं पकाया जाता है। इससे न केवल पढ़ाई प्रभावित हो रही है बल्कि दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ज्वलनशील सामग्री बच्चों के कक्ष में रखना सुरक्षा मानकों के विपरीत है। ग्रामीणों ने संभावित हादसे पर जिम्मेदारी तय करने की मांग की है।

## बंगला घाट पर सजा 55 फीट ऊंचा केदारनाथ धाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

महाशिवरात्रि के अवसर पर आज शहर के शिवालयों में विशेष आयोजन किए जाएंगे।

माधवगंज स्थित कांच मंदिर में अल सुबह से लेकर देर रात तक हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शनों के लिए पहुंचेंगे। बालाजी मंदिर स्थित पंचमुखी महादेव के दर्शन होंगे। वहीं उदयगिरि स्थित जटाशंकर मंदिर, बेतवा तट स्थित रामघाट, महलघाट, चरणतीर्थ, भारती मठ, ओघड़दानी मंदिर में आयोजन होंगे। वहीं विट्ठल नगर स्थित बंगला घाट पर श्रद्धालुओं को केदारनाथ धाम के दर्शन करने मिलेंगे। इस वर्ष बंगला घाट पर लगभग 55 फीट ऊंचे भव्य केदारनाथ मंदिर का स्वरूप बनाया है। बांगला घाट समिति ने बताया की 30 दिन में पश्चिम बंगाल के कलाकारों द्वारा 55 फीट ऊंचा केदारनाथ मंदिर का स्वरूप तैयार किया है। आज सुबह विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक दोपहर 2 बजे तक होगा, जबकि शाम 7:30 बजे महाआरती तथा रात 8 बजे उज्जैन की टोली द्वारा भजन संध्या आयोजित की जाएगी।

**बालाजी मंदिर में विराजे हैं जिले के एकमात्र पंचमुखी महादेव**



बंगला घाट पर देर रात तक यहां करीब 25 हजार श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। इसको लेकर प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं।

### बैस नगर में 111 ली. दूध से अभिषेक

आज महाशिवरात्रि पर प्राचीन शिवगढ़ी बैसनगर में 111 लीटर दूध से भगवान शिव का महाअभिषेक सुबह 8 से बजे से 10 बजे तक होगा। पांच कल आरती के बाद रात में रात्रि जागरण होगा।

## ग्यारसपुर में हैं 1100 प्राचीन शिवलिंग

**ग्यारसपुर।** महाशिवरात्रि पर पूर्णतः शिवमय हो उठता है। यहां लगभग 1100 प्राचीन शिवलिंग स्थापित हैं, जिनके कारण यह नगरी छोटी काशी के रूप में विख्यात है। एक फीट से चार फीट तक के सैकड़ों शिवलिंग आज भी यहां की धरती पर विराजमान हैं। तहसील परिसर स्थित पूणेश्वर महादेव से लेकर मानसरोवर धाम कमलेश्वर, दमदमा धाम और मालादेवी मंदिर की तलहटी तक हर ओर भोलेनाथ की उपस्थिति है। मालादेवी मंदिर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि इस क्षेत्र की प्राचीनता को और गौरव प्रदान करती है। महाशिवरात्रि पर श्रद्धालु जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और रात्रि जागरण कर हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण गुंजायमान कर देते हैं।

### अमेरिका के साथ प्रस्तावित कृषि ट्रेड डील के विरोध में कांग्रेसियों ने केंद्रीय कृषि मंत्री के पुतले जलाए

# कृषि ट्रेड डील के विरोध में जिलेभर में पुतले जले विदिशा में गिरफ्तारी, कुरवाई में पुलिस ने रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अमेरिका के साथ प्रस्तावित कृषि ट्रेड डील के विरोध में कांग्रेसियों ने जिलेभर में एक साथ कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुतले जलाए और डील के विरोध में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

विरोध प्रदर्शन विदिशा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में देखा गया, जिनमें ग्यारसपुर, गुलाबगंज, बासौदा, कुरवाई, लटेरी और शमशाबाद शामिल हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और झंडे लेकर सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं के अनुसार जिले की 577 ग्राम पंचायतों और 129 वार्डों में पुतला दहन का कार्यक्रम निर्धारित था, जिसमें से लगभग 350 स्थानों पर पुतले जलाए गए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने इस डील को किसानों के हितों के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि पार्टी शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से अपना विरोध दर्ज करा रही है। रघुवंशी ने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया के माध्यम से किसानों को गुमराह किया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि डील रद्द नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर द्वारा हाल ही में जारी उस आदेश का भी विरोध किया जिसमें दो माह तक धरना-प्रदर्शन और पुतला दहन जैसे कार्यक्रमों पर रोक लगाई गई है। नेताओं का तर्क है कि लोकतंत्र में विरोध दर्ज कराना उनका अधिकार है और जनहित के मुद्दों पर आवाज उठाना आवश्यक है।



**विदिशा।** गिरफ्तारी के विरोध में सिविल लाइन थाने पहुंचे कांग्रेसी।

### इसलिए किया जा रहा है विरोध

कांग्रेस का आरोप है कि इस प्रस्तावित डील के तहत भारतीय किसानों के उत्पादों पर 18 प्रतिशत टैक्स लगाया जाएगा। वहीं अमेरिका से आने वाले कृषि उत्पादों पर शून्य प्रतिशत टैक्स का प्रस्ताव है। पार्टी ने इसे असंतुलित व्यवस्था बताते हुए भारतीय किसानों के लिए भारी नुकसानदायक बताया है।

### गिरफ्तारी पर विरोध जताया

शहर में कांग्रेस नगर अध्यक्ष रवि साहू के नेतृत्व में पुतला दहन किया जा रहा था, तभी सिविल लाइन पुलिस ने रवि साहू को गिरफ्तार कर लिया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी थाने पहुंच गए और पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए तत्काल रिहाई की मांग की। जिसके बाद नगर अध्यक्ष रवि साहू को रिहा किया गया। कांग्रेस नेता साहू का कहना है कि यह पूरी तरह शांतिपूर्ण प्रदर्शन था, लेकिन प्रशासन अनावश्यक दबाव बनाकर कार्रवाई कर रहा है।

### शमशाबाद में उल्टे ढपले बजाकर कृषि मंत्री का पुतला दहन किया

**शमशाबाद।** अमेरिका के साथ प्रस्तावित कृषि ट्रेड डील के विरोध में कांग्रेसियों ने पुराने बस स्टैंड पर प्रदर्शन किया उल्टे ढपला बजाकर कृषि मंत्री का पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनू यादव ने किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि संभावित कृषि व्यापार समझौता किसानों के हितों के खिलाफ है। पुलिस ने फायर बिग्रेड से पानी की तेज बौछारों से जलते पुतले को बुझा दिया।

### अहमदपुर कस्बा में पुतला दहन

**अहमदपुर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत अहमदपुर कस्बा में ट्रेड डील के विरोध में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला जलाया गया। इस दौरान विदिशा ग्रामीण अध्यक्ष उमराव सिंह कुशवाह, हरिओम शर्मा, माधोसिंह लोधी, संतोष साहू, गजराज सिंह ठाकुर, भंवरलाल कुशवाह, हिम्मत सिंह लोधी, खूब सिंह ठाकुर, सुमित लोधी, रघुवीर कुशवाह, गेंदा लाल, बलवीर लेखराज सिंह मौजूद रहे।

### कुरवाई में नहीं जला पाए पुतला

**कुरवाई।** कुरवाई के बीना तिराहे पर कांग्रेसियों ने एकत्रित होकर सामूहिक वार्डों का पुतला जलाने का प्रयास किया। कृषि मंत्री का पुतला जलाने के दौरान प्रशासनिक अमला और कांग्रेसी आमने-सामने आ गए। वाटर केनन से कांग्रेसियों पर पानी की बौछार की गई। पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झूमा झटकी हुई और पुतला दहन नहीं हो सका।

### जिला पंचायत की बैठक 18 को होगी

**विदिशा।** प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत जिले की पांचों विधानसभाओं के ग्रामीण मार्गों के निर्माण एवं उन्नयन प्रस्तावों को 18 फरवरी को आयोजित जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक में अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने बताया कि इस पहल से दूरस्थ गांवों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे आवागमन सुगम होने के साथ विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़कें ग्रामीण प्रगति की आधारशिला होती हैं और योजना के माध्यम से लगातार गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ा जा रहा है। प्रस्तावों के अनुमोदन के बाद निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिला पंचायत द्वारा सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे जनहितकारी विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

### अड़ीबाजी के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**विदिशा।** कोतवाली पुलिस ने अडीबाजी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सूरज अहिरवार को गिरफ्तार किया। फरियादी गौरव शिल्पकार की रिपोर्ट पर 11 फरवरी को विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। मुखबिर सूचना पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ा गया और न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### अवैध उत्खनन पर वन विकास निगम की कार्रवाई

## पोकलेन मशीन व 2 डंपर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

वन विकास निगम ने ग्यारसपुर में अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वनक्षेत्र कक्ष क्रमांक आर-132 सतपाड़ा कलां में दबिश दी। मौके पर अवैध उत्खनन में लिप्त एक पोकलेन मशीन एवं दो डंपर जब्त किए गए।

आरोपी अनिल यादव के विरुद्ध दर्ज किया गया है। जब्त किए गए वाहनों को ट्रॉला आदि की सहायता से ढकना-चपना डिपो में रखवाया गया है। वन विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। यह पूरी कार्रवाई संभागीय प्रबंधक विदिशा-रायसेन



परियोजना मंडल के मार्गदर्शन में हुई। उपसंभागीय प्रबंधक केके यादव, परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी नवीन भारद्वाज, परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी बेगमगंज राजेश नामदेव एवं परिक्षेत्र गढ़ी प्रभारी माया शुक्ला सहित वन विकास निगम के अमले की उपस्थिति में कार्रवाई की गई। कार्रवाई से अवैध उत्खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

## करैयाखेड़ा रोड की महिलाओं ने प्रियंक कानूनगो से की अवैध नशे के कारोबार पर सख्ती की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

वार्ड 34 स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामुदायिक भवन में युवा मंच के तत्वावधान में शनिवार को नशा मुक्ति कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि भारत सरकार क राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो और एसपी रोहित काशवानी शामिल रहे। लोगों ने करैयाखेड़ा क्षेत्र में चल रहे अवैध नशे के व्यापार और उससे होने वाले विवादों की जानकारी दी। महिलाओं ने बताया कि नशे के कारण आए दिन झगड़े होते हैं। श्री कानूनगो ने ड्रग कंट्रोल विभाग और पुलिस को बिना चिकित्सकीय पर्ची दवाएं बेचने वालों तथा प्रतिबंधित दवाओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। चिकित्सकों की टीम ने लगभग 100 मरीजों की निरंतर काउंसलिंग जारी होने की जानकारी दी। एसपी ने पुलिस सहायता केंद्र खोलने का आश्वासन दिया। संचालन प्रशांत रघुवंशी ने किया तथा आभार राजेश लोधी ने व्यक्त किया। बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



## मां बेतवा के शुद्धिकरण को लेकर सिविल सोसाइटी ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बेतवा के संरक्षण और शुद्धिकरण को लेकर विदिशा सांस्कृतिक गौरव उत्थान सिविल सोसाइटी ने कमिश्नर के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिसमें ज्ञापन में बेतवा को 'नमामि गंगे' परियोजना में शामिल किए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए शहर में नदी को प्रदूषित करने वाले प्रमुख नाले पीलिया, चोर घाट, गुठान वाला नाला गौशाला, कब्रिस्तान और जतरापुरा नाले को बेतवा में मिलने से रोकने की मांग की गई है। साथ ही रंगई हनुमान, त्रिवेणी, राम, बहरा बाबा, महलघाट, बड़वाला, मुक्तिधाम, चरणतीर्थ और नौलखी सहित प्रमुख घाटों के पुनरुत्थान व सौंदर्यीकरण को परियोजना में शामिल करने का आग्रह किया गया। 5 फरवरी को किया गया सर्वे मानवीय आकांक्षाओं के अनुरूप न होकर अपूर्ण है। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा किए जा रहे 'नमामि गंगे प्रोजेक्ट' के सर्वे में विदिशा के नागरिकों के सुझाव और सुनवाई को पुनः सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान अतुल तिवारी, देवेंद्र सिह राठौर आदि मौजूद रहे।

### विदिशा में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

# सर्वज्ञ देव विधान व मुनिसुब्रतनाथ निर्वाण उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शीतलनाथ दिगंबर बड़ा जैन मंदिर में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के वार्षिकोत्सव का त्रिदिवसीय मंगल आयोजन 14 से 16 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है।

महोत्सव के पहले दिन सर्वज्ञ देव विधान सम्पन्न हुआ तथा भगवान मुनिसुब्रतनाथ का निर्वाण उत्सव श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने निर्वाण लाडू अर्पित किए। ध्वजारोहण पंडित शिखरचंद, संजय, राजीव, आलोक व अलंकार परिवार द्वारा किया गया। मुख्य इंद्र के रूप में डॉ. एमएल जैन, डॉ. मोहित जैन, शोभित जैन, सतेंद्र लश्करी सहित अन्य श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। जयपुर से पधारे विद्वान पं. स्वानुभव शास्त्री ने सर्वज्ञता, वीतरागता और क्रमबद्ध परिणमन पर आध्यात्मिक प्रवचन दिए। प्रतिदिन प्रातः पूजन-विधान, प्रवचन तथा रात्रिकालीन आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। सोमवार सुबह 7.15 बजे से श्री जिनेन्द्र पूजन एवं श्री मंडल विधान, 9.15 बजे से आध्यात्मिक प्रवचन, रात्रिः 8.30 बजे से आध्यात्मिक प्रवचन होंगे। ट्रस्ट अध्यक्ष मलूकचंद जैन प्रवक्ता डॉ मक्खन लाल जैन ने समाजजनों से धर्मलाभ लेने का आह्वान किया।






## खबर संक्षेप

### क्षतिग्रस्त खंभा दे रहा दुर्घटनाओं को आमंत्रण



**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 में नाली के बीच लगा लोहे का बिजली का खम्भा दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है। नाली के पानी के संपर्क में लंबे समय से रहने से खंभा जंग लगने से क्षतिग्रस्त हो गया है जो कभी भी गिर सकता है। वार्डवासियों ने संबंधित विभाग से शीघ्र बिजली का खंभा बदलने की अपील की है।

### पेंशनर एसोसिएशन का कार्यक्रम होगा आयोजित

**गंजबासौदा।** ऑल इंडिया पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जगदीप राजपूत एवं द्वारका प्रसाद चौरसिया ने बताया गया कि 18 फरवरी को सुबह 11 बजे बांकड़े हनुमान मंदिर के सामने जनवरी एवं फरवरी माह में जन्म लेने वाले पेंशनर का जन्मदिन मनाया जाएगा। संगठन पदाधिकारियों ने पेंशनरों से कार्यक्रम में आने की अपील की है।

### पाठक संघ ने जयंती मनाई





**गंजबासौदा।** शहर वाचनालय पाठक संघ में स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया। इस दौरान वरिष्ठ समाज सेबी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि स्वामी जी का जन्म 12 फरवरी 1824 को टंकारा गुजरात में हुआ था वह हिंदू तपस्वी और समाज सुधारक थे। उन्होंने 1875 में हिंदू समाज का सशक्त सुधार आंदोलन स्थापित किया। उनका उद्देश्य वेदों को पुनः स्थापित करना था जो सबसे पुराने ग्रंथ हैं जिन्हें सत्य के रूप में स्थापित किया गया है। दयानंद सरस्वती अंधविश्वास और रूढ़ियों के खिलाफ थे उन्होंने बाल विवाह और बहु विवाह प्रथा बंद करने का आवाहन किया। कार्यक्रम के दौरान दयानंद सरस्वती द्वारा किए गए कार्य को पूरा करने का संकल्प लिया गया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर कु भाव्या राजे पिंगले, राघव पिंगले सहित अनेक पाठक गण उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि के चलते प्रशासन ने किए सुरक्षा के इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर उदयपुर नीलकंठेश्वर मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु भोलेनाथ के दर्शन करने आते हैं। उदयपुर मंदिर में आने जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से प्रशासन द्वारा डायवर्सन एवं पार्किंग व्यवस्था की गई है। जिसमें गंजबासौदा की तरफ से उदयपुर मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के चार पहिया वाहन जैसे कार, टैक्टर, लोडिंग आदि की पार्किंग केवटन नदी में की गई है। गंजबासौदा की तरफ से उदयपुर मंदिर दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की मोटर साइकिल की पार्किंग शराब दुकान के पीछे ग्राउंड में एवं वेयरहाउस तथा वात्सल्य स्कूल में की गई है। पठारी तरफ से आने वाले चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों की पार्किंग व्यवस्था खाली पड़े खेत में की गई है।

घटेरा की तरफ से आने वाले चार पहिया वाहन एवं दो पहिया वाहन पार्किंग महामाई मंदिर के सामने खाली पड़े मैदान में की गई है। मुरादपुर रोड की तरफ से आने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग शासकीय चिकित्सालय उदयपुर में रखी गई है। वीआईपी पार्किंग चौकी के पास खाली पड़ी जगह में की गई है। महाशिवरात्रि पर उदयपुर मेला में सुबह 5 से रात्रि 8 बजे तक वाहनों का डायवर्सन रहेगा। पठारी से उदयपुर होकर गंजबासौदा तरफ जाने वाले वाहन घटेरा होकर गंजबासौदा की तरफ जा सकेंगे, घटेरा से उदयपुर होकर गंजबासौदा तरफ जाने वाले वाहन उदयपुर तरफ ना आकर सीधे घटेरा से गंजबासौदा तरफ जा सकेंगे। गंजबासौदा से उदयपुर होकर घटेरा एवं पठारी तरफ जाने वाले वाहन बरेठ, कुल्हार होकर जा सकेंगे, हैवी वाहन ग्राम हथोड़ा, पठारी, घटेरा से उदयपुर तरफ आने के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। प्रशासनिक अधिकारियों ने उदयपुर आने वाले सभी श्रद्धालुओं से निर्धारित पार्किंग में अपने वाहन खड़े कर मंदिर दर्शन करने एवं डायवर्सन प्लान का पालन करने और यातायात व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की है।




## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका से की गई ट्रैड डील में किसानों एवं मध्यमवर्गीय छोटे व्यापारियों हितों की अनदेखी की गई। जिसमें उन्होंने किसानों को बेचने का काम किया है जिसके विरोध में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पुतला दहन किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिला काँग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन के नेतृत्व में केन्द्रीय कृषि मंत्री का पुतला दहन विधानसभा क्षेत्र में किया गया। इस दौरान सुनील बोरसे, प्रकाश मिश्रा, अदनान भाई, आबिद खां, कल्लू मामा, पार्षद जगदीश व्यास, राहुल ठाकुर लालाराम चंदेल, अमित मेहता, रवि यादव, तोरन सिंह रघुवंशी, अपूर्व जैन, अनिल अहिरवार, अमित पंथी, अंसार मंसूरी, बीड़ी शर्मा, गोलू सेन, यश बालोठिया, बबलेश कुशवाह, उमेश कुशवाह, पलाश जैन आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित राष्ट्रीय महत्व का एक स्मारक है

# उदयपुर का हजारिया महादेव मंदिर एक शिवलिंग में हैं हजार रूद्र रूप

सौरभ द्विवेदी ▶▶ गंजबासौदा





मध्य प्रदेश राज्य के विदिशा जिले के गंज बासौदा तहसील से 16 किलोमीटर की दूरी पर एक प्राचीन नगरी है। यहां एक शिव मंदिर स्थित है, जो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित राष्ट्रीय महत्व का एक स्मारक है। उदयपुर का सांस्कृतिक इतिहास कम से कम 9 वीं शताब्दी से शुरु होता है, लेकिन यह सिद्ध हो गया है कि परमार राजा उदयादित्य लगभग 1060-87 के तहत इसका वर्तमान नाम प्राप्त हुआ। यह 14 वीं, 15 वीं और 16 वीं शताब्दी में महत्वपूर्ण शहर रहा और उत्तर-दक्षिण व्यापार मार्ग पर एक महत्वपूर्ण शहर था। उदयपुर में सबसे महत्वपूर्ण मंदिर वह है जो शिव को समर्पित है और जिसे नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के नाम से जाना जाता है। यह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्व का संरक्षित स्मारक है, मध्य प्रदेश, पूर्व में राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों की सूची में क्रमांक एन-एमपी-289 है। यह मंदिर 11 वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में बनाया गया था और यह परमार राजाओं का एकमात्र शाही मंदिर है। नीलकंठेश्वर के पूर्व दिशा में एक बड़ा महल परिसर है जिसे राजा उदयादित्य के महल के नाम से जाना जाता है। उदयपुर में नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के अलावा भी और भी प्राचीन मंदिर स्थित है। जैसे महामाया मंदिर, पिसनहारी महादेव मंदिर, हजारिया महादेव मंदिर।

हजरिया महादेव मंदिर के पुजारी पंडित रमेशचंद्र व्यास ने हजारिया महादेव मंदिर का महत्व बताया। जैसा कि नाम से अनुमान लगा सकते है हजार मतलब एक शिवलिंग में एक हजार शिवलिंगों के दर्शन उन्होंने बताया कि ये शिवलिंग अति प्राचीन है और परमार राजा उदयादित्य ने ही इसकी स्थापना की थी। महादेव की ऐसी मान्यता है कि महादेव के ऊपर जो छोटे छोटे रुद्र बने है बह स्वतः प्रभु की महिमा से बनते और मिटते रहते हैं। ये प्रभु की महिमा प्रभु जाने। महादेव की जो मूर्ति है उसकी खुदाई गांव के ही एक प्रतिष्ठित परिवार द्वारा कराई गई थी, तो महादेव की मूर्ति 25 से 30 फिट तक नीचे अंदर की ओर मिली और उस पर जलहरी नही मिली है क्योंकि सुना महादेव की जब भी प्राण प्रतिष्ठा होती है, तो शिवलिंग को जलहारी के ऊपर विराज मान किया जाता है।

कई लोगों ने साक्षात देखा है की महादेव की जलहारी ऊपर से कृत्रिम पहनाई गई है। महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार होने के पहले अभिषेक किया जाता था तब कृत्रिम जलहारी के मार्ग से जल सीधा अंदर जाता था, उसका जल मंदिर के गर्भ गृह में नही फैलता था। महादेव के मंदिर के गर्भग्रह का जीर्णोद्धार 2016 में हजारिया महादेव सेवा समिति जो ग्राम के छोटे छोटे बच्चों ने बनाई थी , उसके द्वारा और ग्राम के लोगों के सहयोग से कराया गया। फिर नलजल योजना के ठेकेदार मानसिंह रघुवंशी द्वारा मंदिर को पूर्ण कराया गया।

### कॉरिडोर और नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग

**गंजबासौदा।** उदयपुर के निवासी बताते हैं कि उदयपुर कभी तहसील हुआ करती थी, लेकिन अब ग्राम पंचायत बनकर ही रह गई है। यहां के नागरिक उदयपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने की मांग कर रहे हैं जिससे मास्टर प्लान तैयार कर उसका व्यवस्थित विकास किया जा सके। उदयपुर में मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। यहां के निवासी उदयपुर कॉरिडोर की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उदयपुर कॉरिडोर की घोषणा की थी लेकिन वह एक चुनावी घोषणा बनकर रह गई। ग्रामीणों का कहना है कि उदयपुर का यूपी के संभल की तर्ज पर सर्वे हो तो यहां बहुत कुछ दबी हुई पुरासंपदा सामने आ सकती है। यहां के पहाड़ों की आकृति भी शिवलिंग की तरह ही दिखती है।

## वैलेंटाइन डे को लेकर शिवसैनिकों ने किया विरोध, पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को वैलेंटाइन डे को लेकर शिवसेना द्वारा जय स्तंभ चौक एवं त्योंदा में पुतला दहन किए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बताया कि शिव सेना प्रेम का विरोध नहीं करती बल्कि प्रेम की आड़ में जो अश्लीलता फैलाते हैं उनका विरोध करते हैं। आज के युवा हमारी भारतीय संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, विदेशी सभ्यता को अपना रहे हैं। शिवसेना ऐसा कभी नहीं होने देगी। आज ही के दिन हमारे वीर सपूतों भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को फांसी की सजा सुनाई गई थी और आज ही के दिन पुलवामा हमले में 40 जवान शहीद हुए थे। आज ही के दिन कई घरों के चिराग बुझ गए थे और हमारी माताओं और बहिनों के सुहाग उजड़ गए थे। किसी के सिर से पिता का हाथ छिन गया था, तो हम कैसे किसी विदेशी सभ्यता को अपना लें। क्योंकि आज का दिन हमारे लिए काला दिवस है और शिवसेना 14 फरवरी काला दिवस के रूप में मनाती रहेगी। इस दौरान अनेक शिव सैनिक मौजूद रहे।

### शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**गंजबासौदा।** शनिवार को रात्रि के समय पुलवामा के शहीदों की 7वीं बरसी 14 फरवरी काला दिन के रुप में मनाते हुए। सभी शहीद वीर सैनिकों को जय श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन सहित अनेक सेवानिवृत्त सैनिकगण मौजूद रहे।




### स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी के तहत सेंट एसआरएस में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन



**गंजबासौदा।** नगर पालिका परिषद गंजबासौदा द्वारा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों के अंतर्गत सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, गंजबासौदा में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। स्वच्छता पाठशाला में विद्यार्थियों को गीला-सूखा कचरा पृथक्करण, कचरा प्रबंधन, डस्टबिन के नियमित उपयोग एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान यह भी बताया गया कि खुले में कचरा फेंकना स्वच्छता के मानकों के विपरीत है और इससे पर्यावरण व स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।कार्यक्रम में आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी की टीम उपस्थित रही, जिसमें नगर पालिका के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आर.के. नेमा ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के सभी महत्वपूर्ण पैरामीटरों की जानकारी दी। साथ ही आईईसी गतिविधि के अंतर्गत अभिषेक शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर सेंट एस.आर.एस. स्कूल के डायरेक्टर के.एस. यादव, प्राचार्य उमेश यादव तथा के.एस. चौहान सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## स्व. स्वराज को श्रद्धांजलि अर्पित की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद स्वर्गीय सुषमा स्वराज की जन्मतिथि पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, रुपेन्द्र शर्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्वच्छता सर्वेक्षण तैयारी के तहत स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

# 15 विद्यार्थियों को स्वच्छता कप्तान किया गया नियुक्त






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद द्वारा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों के अंतर्गत सेंटएसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में 15 विद्यार्थियों को स्वच्छता कप्तान नियुक्त किया गया। नियुक्त किए गए सभी विद्यार्थी एनएसएस के छात्र हैं। स्वच्छता कप्तानों में प्रमुख रूप से सौरभ कुशवाह, भूपेन्द्र रघुवंशी, प्रियांशु लोधी, हिमांशु दांगी, नैतिक जैन, राहुल सेन, विवेक पटेरिया, आदित्य सेन, आशीष राजपूत, चेतन दांगी, रोशन मालवीय, कृष्णा रघुवंशी, राज प्रजापति, अंशुमान राजपूत, वीर पांडे शामिल हैं।

यह स्वच्छता कप्तान अपने-अपने वार्डों में नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। साथ ही सार्वजनिक स्थानों, चौक-चौराहों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई करेंगे। जो व्यक्ति खुले में कचरा फेंकते हैं अथवा अपने घरों व दुकानों में डस्टबिन नहीं रखते हैं, उन्हें प्रेरित कर डस्टबिन का उपयोग अनिवार्य रूप से कराया जाएगा। कार्यक्रम में स्वच्छता के सभी पैरामीटरों की जानकारी नगर पालिका के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी राजेश कुमार नेमा, आईईसी समन्वयक आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी से अभिषेक शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा स्वच्छता कप्तानों को भली-भांति प्रदान की गई। इस अवसर पर सेंट एसआरएस स्कूल के डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेश यादव, कृष्णपाल सिंह चौहान सहित विद्यालयीन समस्त स्टॉफ एवं छात्र, छात्राएं और नवनियुक्त स्वच्छता कप्तान उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण हटाने पुराने बस स्टैंड पर नपा अमले ने डाली चूने की लाइन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में मिनी स्मार्ट सिटी अंतर्गत नगर को साफ, सुथरा, सड़कें चौड़ी करने सहित अन्य कार्य नगरपालिका द्वारा लगातार किए जा रहे हैं। एक ओर जहां बरेठ रोड पर सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण हटाने के बाद सीसी करण कर दिया गया है। जिससे बरेठ रोड से जय स्तंभ चौक तक सड़कें चौड़ी दिखाई देने लगी हैं। वहीं शनिवार को नगरपालिका अमले द्वारा त्योंदा रोड पहुंचकर पुराना बस स्टेण्ड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए चूने की लाइन डाल दी गई है। जिसके बाद शीघ्र नपा द्वारा दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जाऐगी। वहीं दूसरी ओर नपा द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 15 में नाला निर्माण के दौरान बाधक बन रहे अतिक्रमण को हटा दिया गया है। उधर राजेन्द्र नगर क्षेत्र में नाला निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण हटाने चूने की लाइन डाल दी गई है, कार्रवाई 17 फरवरी से की जाएगी।

## नपाध्यक्ष ने छात्रों को पुरस्कार वितरित किए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के एक अशासकीय विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें रंगारंग कार्यक्रम के साथ लगभग 250 बच्चों को जिसमें कक्षा में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इनमें सांसद कप में बासौदा टीम के लिए खेलने गए छात्र एवं छात्राएं मुख्य आकर्षण का केंद्र थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, विशेष अतिथि उपाध्यक्ष भाजपा ग्रामीण मंडल एवं जनपद सदस्य अमृतांशु यादव, डॉ. आराधना जैन, अभाविप जिला संयोजक शुभम ठाकुर, ब्लॉक खेल प्रभारी स्वतंत्र कुमार जैन, रूद्र रिछारिया, हजरत यादव, प्राण सिंह रघुवंशी ने छात्रों को ट्रॉफी मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन अर्शी खान एवं शेफाली जैन द्वारा किया गया।

दिव्यांगों का विकासखंड स्तरीय सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित

# नपा निर्माण कार्यों का विधायक शर्मा ने किया भूमिपूजन और लोकार्पण

*प्रशिक्षित शिक्षिका फरहत उन्नीसा का विधायक उमाकांत शर्मा ने किया सम्मान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

माध्यमिक शाला हाजीपुर के परिसर दिव्यांग विद्यार्थियों का विकासखंड स्तरीय सहायक उपकरण वितरण एवं नगरपालिका के द्वार कराये जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यो के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम विधायक उमाकांत शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिसमें 70 दिव्यांगो विद्यार्थियो को 3 लाख 60 हजार की लागत से विभिन्न सहायक उपकरण प्रदाय किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र एवं भारत माता के चित्र पर माल्यापर्ण व कन्या पूजन के साथ किया गया। वही विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा उपस्थित सभी दिव्यांगो विद्यार्थियों पर पुष्पवर्षा कर पटका पहनाकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री शर्मा ने कहा कि दिव्यांग कोई भी हो सकता है जन्म से भी हो सकता है और जन्म के बाद भी हो सकता है सरकार सदैव दिव्यांगो के हित के लिए अनेक




प्रयासो व अनेक योजनाओ का संचालन कर रही है। पूर्व में भी शासन एवं समाज के सहयोग से हमने पोलियो जैसी बीमारियो को हराया है हम सबको भी मिलकर इनका सहयोग करने की आवश्यकता है। वही उन्होने उपस्थित अधिकारियो से बात करते हुए पूछा कि इन दिव्यांगो विद्यार्थियों कि आप परीक्षा कैसे कराते है जिस पर बीईओ उमेश सोनी ने कहा कि दिव्यांग बालक बोलता है और उसका सहपाठी उसे लिखता है।

### भवन निर्माण की घोषणा

इस अवसर पर कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा ने ब्रेल लिपि के शिक्षको के अध्ययन की जानकरी ली। जिसमें उपस्थित जिला सहायक परियोजना समन्वयक ज्योति केदारे ने बताया कि सिरोंज विकासखंड में 6 शिक्षक ब्रेल लिपि में पड़ाने के लिए प्रशिक्षित किए गए है तथा हमारा प्रयास रहता है कि इन बच्चो को आगे व्यवसाय से जोड़ा जाए। वही विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा इन छात्रो की पड़ाई प्रभावी

### *लगभग 1 करोड़ 13 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन*

*विधायक उमाकांत शर्मा ने नगरपालिका द्वारा किए जा रहे वार्ड क्रमांक 3 व 4 में सीसी रोड एवं नाली निर्माण जिनकी कुल लागत 38 लाख 52 हजार रूपये का भूमि पूजन एवं वार्ड नंबर 3 में गिरिराज गार्डन से संजीव जी के घर से होते हुए रोड तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण,राकेश शर्मा के घर से बालाजी धाम कॉलोनी साहू जी के मकान तक सीसी रोड निर्माण,जितेन्द्र अहिरवार के मकान से जगन्नाथ मालवीय के घर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण, कन्नू वंशकार के घर से दुलारे के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण,गफ्फार भाई के मकान से राधेश्याम साहू के मकान तक सीसी रोड व नाली निर्माण शफीक भाई से वसीम भाई के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण जिनकी लागत 75 लाख 36 हजार रूपए का लोकापर्ण विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा किया गया।*

शिवालयों में गूंजेंगे बम-बम भोले के जयकारे

# महाशिवरात्रि पर आज महादेव की बारात में भूत पिशाच करेंगे नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



प्रति बर्ष अनुसार इस बर्ष भी नगर में महाशिवरात्री का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। महाशिवरात्री को लेकर नगर के सभी शिवालयों में जोरो से तैयारियां की जा रही है। मंदिरों को आर्कषण रंगीन लाईटो से डेकोरेट कर सजाए जा रहे है। वही आज नगर में सोमनाथ सेवा समिति द्वारा भव्य तरीके से भगवान शिव की बारात निकाली जाएगी। बारात में भूत नाचते हुए बारात में शामिल होगें। शिव बारात का शुभारंभ सुभाष नगर हाजीपुर में स्थित शिव मंदिर से शाम लगभग 6 बजे से प्रारंभ होगी। जो नगर के नपा कार्यालय,राज बाजार,कोर्ट गेट,सिनेमा चौराहा,चांदनी चौक,कपड़ा बाजार,सराफा बाजार से होते हुए कठाली बाजार में समापन होगा। बारात की अगवानी डीजे सहित विभिन्न बाजयंत्रो से की जाएगी। समिति सदस्यों ने बताया कि कठाली बाजार में भगवान शिव-पार्वती का विवाह सम्पन्न कराया जाएगा। इसके पश्चात सोमनाथ मंदिर में महाप्रसादी का वितरण होगा।

### मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा की गई

वही नगर के विभिन्न शिव मंदिरों में रविवार को प्रातः से ही शिव भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलेगी। दिनभर मंदिरों में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की जाएगी। तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर में भी बड़ी संख्या में श्रध्दालु पहुंचेगें। समिति सदस्यों द्वारा मंदिर में विशेष साफ-सफाई एवं विद्युतीकरण से साज-सज्जा की जा रही है।

### बाबा बर्फानी के दरबार में होगा रात्रि जागरण

ग्राम पिपालियाहाट में स्थित बावा बर्फानी के दरबार में महाशिवरात्री के उपलक्ष्य में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की जाएगी। इसके तत्पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। रात्रि आठ बजे से देर रात तक विशाल रात्रि जागरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें पंच रूद्राभिषेक पंचामृत रात्रि वेला में सम्पन्न कराया जायेंगा। इसको लेकर शनिवार को श्री अमरनाथ बर्फानी सेवादल के अध्यक्ष व सेवादल के सभी सदस्यों की विशेष बैठक सम्पन्न हुई। साथ ही उक्त कार्यक्रम में पधारने के लिए पं.महेश शर्मा ने समस्त क्षेत्रवासियों से बड़ी संख्या में आने की अपील की है।

# कांग्रेस ने शहरी क्षेत्र व ग्राम पंचायतों में किया केंद्रीय मंत्री का पुतला दहन



**सिरोंज।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं जिला संगठन प्रभारी प्रभू सिंह ठाकुर एवं जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के मार्गदर्शन शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश यादव व नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सैफू गौरी के नेतृत्व में नगर के छत्री नाका चौराहा पर केन्द्रीय कृषि मंत्री का पुतला दहन किया गया। तो वही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवपुर द्वारा अमेरिका ट्रेड डील को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुतले का दहन समस्त ग्राम पंचायतों में किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवपुर के अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत ने मांग करते हुए कहा कि अमेरिका से जो काली डील की गई है उसे किसानों के हित में रद्द की जाए। कांग्रेस हमेशा किसानों के सम्मान में मैदान में है और किसानों का शोषण नहीं होने देगी।

# गंगा बाई जगमोहन दास हायर सेकंडरी स्कूल में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के पचकुंईया स्थित गंगा बाई जगमोहन दास हायर सेकेण्ड्री स्कूल में शनिवार को राम लला मानस मण्डल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के प्रसिद्ध भजन गायक रवि नेमा द्वारा भगवान श्रीराम के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ के बाद आरती व महाप्रसादी वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर प्रसिद्ध भजन गायक रवि नेमा ने कहा कि कलियुग में भगवान का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर पार हो सकता है।

प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड बजरंगबली



की अराधना है। इस पाठ को करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। वही स्कूली बच्चों को सुंदरकांड का महत्व समझाते हुए रवि नेमा ने कहा कि यह पाठ करने से व्यक्ति भवसागर से तर जाता है। मनुष्य को जीवन में कभी किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ता है। सुंदरकांड पाठ सुनने से मनुष्य के आत्मिक एवं



भौतिक ज्ञान का विकास होता है। विश्व में सभी जगह सुंदरकांड की महिमा है।

वही उन्होने कहा कि सुंदरकांड पाठ का आयोजन, विशेषकर मंगलवार या शनिवार को हनुमान जी की कृपा पाने के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। यह पाठ शारीरिक, मानसिक बाधाओं को दूर करता है।

नगर कांग्रेस कमेटी का शिविर संपन्न

# भोपाल के विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच की, बांटी गई दवाईयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर पालिका शादी हॉल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। तो वही नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सैफू गौरी द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में भोपाल के मकसूद मेमोरियल हॉस्पिटल से प्रसुति एंव स्त्री रोग विशेषज्ञ,जनरल सर्जन,हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाईयां वितरण की गई। साथ ही शुगर,बीपी सहित अन्य



बीमारियों की जांच कराने के लिए भी बडी संख्या में शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्र से नागरिक शिविर में पहुंचे।

# नर्मदा नदी तटों से बिना रॉयल्टी हो रहा रेत का अवैध परिवहन

**रेत के अवैध उत्खनन, बिना रायल्टी परिवहन पर नहीं लग रही लगाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नर्मदा मैया की सुनेहरी रेत खनिज माफिया के लिए प्रतिदिन मोटी कमाई का जरिया बनी हुई है। देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के नर्मदा तटों से प्रतिदिन भारी मात्रा में नर्मदा रेत का अवैध उत्खनन और बिना रायल्टी बेखोफ परिवहन हो रहा है। राजस्व, पुलिस, खनिज विभाग द्वारा देवरी तहसील से नर्मदा रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन रोकने मार्गो पर गहरी खुदाई की गई। इसके बाद भी रेत का अवैध कारोबार नहीं थम पा रहा है।

### पकड़ी पांच बिना रॉयल्टी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां

नर्मदा रेत की खुदाई आम बनी हुई है। रेत खदानों का सीमांकन न होने से रेत का कारोबार करने वाले डम्फरों, ट्रेक्टर-ट्रालियों में मन चाहे स्थानों से रेत का उत्खनन कर बिना रायल्टी परिवहन कारोबार का जोर बना रहने पर पिछले दिनों पुलिस, राजस्व, खनिज विभाग द्वारा देवरी तहसील में संयुक्त कार्यवाही की गई। रिछावर रोड से आ रही तीन ट्रेक्टर-ट्रालियों की जाँच करने पर किसी के पास रायल्टी रसीद नहीं मिली। तीनों ट्रेक्टर-ट्रालियों को देवरी थाने में खड़ा किया गया है। वहीं बाड़ी के गोरा मछवाई से आ रही दों ट्रेक्टर-ट्रालियों को पकड़कर थाने में खड़ा किया गया है।

# शिव महापुराण कथा का समापन आज पांच कन्याओं का होगा सामूहिक विवाह

**शिव अखाड़ा व्यायाम शाला के तत्वावधान में निकलेगी भव्य शिव बारात**

**राज्य मंत्री पटेल पहुंचे कथा में किया पूजन, आरती**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

9 फरवरी से महाशिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत श्रीशिव अखाड़ा व्यायाम शाला द्वारा प्रेम नगर कॉलोनी में शिव पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका आज समापन होगा। प्रतिवर्ष की भांति दिन में भव्य शिव बारात निकाली जाएगी वहीं 5 गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह होने के साथ मंचीय कार्यक्रम भी होगा। बनारस से आए दल द्वारा शिव पर आधारित नृत्य झांकियों की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रहेगी।

9 फरवरी से जारी श्रीशिव महापुराण कथा में क्षेत्र के विधायक एवं राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल पहुंचे। भगवान शंकर एवं शिवपुराण कथा की पूजन, आरती कर कथा व्यास सुश्री सुनीता दीदी अयोध्या धाम से आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर श्रीशिव अखाड़ा व्यायाम शाला की ओर से राज्यमंत्री पटैल का स्वागत अभिनंदन किया गया। राज्यमंत्री पटैल ने कहा कि कथा में सबसे अधिक उपस्थिति मातृशक्ति की है। भारतीय संस्कृती धर्म में हमेशा मातृशक्ति आगे रही और पूज्यनीय है। मातृशक्ति से विधायक का आशीर्वाद माँगा था, भरपूर मिला और आशीर्वाद से मंत्री बन गया।



### निकलेगी भव्य विशाल शिव बारात

श्रीशिव अखाड़ा व्यायाम शाला द्वारा महाशिवरात्रि पर विशाल भव्य शिव बारात निकाली जाती है। नगर में निकलने वाली शिव बारात की व्यापक तैयारियां की गई है। शिव पार्वती की भव्य झांकी ढोल-बाजों, बनारस से आई पार्टी के नृत्य इत्यादि शिव भक्त नर-नारियों, धार्मिक संस्थाओं संगठनों के सहयोग से आज नगर की सडक़ों पर शिव महाबारात की धूम रहेगी।

# वार्ड तीन में खाली पड़ी भूमि पर हो रहा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर के विभिन्न वार्डों में सरकारी खाली पड़ी भूमियों पर अतिक्रमण की भरमार बनी हुई है। विभिन्न सरकारी विभागों पुलिस, राजस्व, शिक्षा, आबकारी, पीडब्ल्यूडी ,नगर परिषद की अति महत्वपूर्ण स्थानों वाली वेशकीमती भूमियों पर कच्चे पक्के अतिक्रमण जहां नगर की सुंदरता, स्वच्छता पर दाग बने हुए हैं। वही इन सरकारी भूमियों का नगर के निवासियों की सुविधा के लिए अनेक स्थानों पर पार्किंग स्थल, दुकानों का निर्माण कर नगर परिषद को लाखों रुपए प्रति माह की आय हो सकती है।

नगर की अधिकांश चौड़ी सडक़ें दिन में अतिक्रमण की भरमार के कारण गलियों में तब्दील हो जाती हैं। सडक़ तक दुकानों का




सामान फैला रहने, सडक़ों पर ही वाहन खड़े रहने से हमेशा जाम की स्थिति और पैदल चलने वालों को जोखिम भरी स्थिति का सामना करना पड़ता है। नगर के प्रमुख स्थानों पर यातायात पुलिस दिखलाई नहीं देती इसी कारण दिन में बाजारों में भीड़-भाड़ के दौरान ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रालियां और बड़े चार पहिया वाहनों की सकरी सडक़ों पर आवागमन होने से बार-बार जाम लगने की परेशानियां बनी रहती हैं।

### वार्ड 3 गणेश कॉलोनी में पार्क निर्माण की मांग

सर्वोदय हाई सेकेंडरी स्कूल के सामने पुराने छात्रावास बालक हाई सेकेंडरी के कृषि फार्म के पास लगभग 1 एकड़ भूमि नगर परिषद की खाली पड़ी हुई है। इसी भूमि पर नर्मदा जल योजना की ऊंची टंकी का निर्माण हुआ है। खाली पड़ी भूमि पर अतिक्रमण और भारी गंदगी बनी रहने से गणेश कॉलोनी के निवासी परिवार हैरान परेशान बने रहते हैं। खाली पड़ी भूमि पर निवासियों द्वारा पार्क निर्माण, वृक्षारोपण की मांग की जा रही है।

# आज बापोली धाम, जामगढ़ शिव गुफा में शिव भक्तों की रहेगी भारी उपस्थिति

एक हजार फीट ऊंची पहाड़ी गुफा में विराजे भोलेशंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

आज महाशिवरात्रि पर्व मनाने शिव भक्तों में भारी उत्साह बना हुआ है। बापोली धाम में शिव भक्तों का मेला लगेगा। विन्ध्य पर्वत की लगभग एक हजार फिट ऊँची पहाड़ी पर बनी प्राचीन गुफा में विराजे भगवान शंकर की पूजा अर्चना करने जामगढ़, भगदेही सहित ग्रामीण क्षेत में आए शिव भक्तों की पूजन करने भारी उपस्थिति रहेगी। माँ नर्मदा मैया के उत्तर तट स्थित मंगलेश्वर तीर्थ एवं पुल घाट के पास स्थित नर्मदा मैया सेवा आश्रम में भी महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा।

विन्ध्य पर्वत की तलहटी में स्थित प्राचीन एतिहासिक शिव धाम बापोली में बृम्हलीन बड़े गुरुजी ने घोर तपस्या की थी। यहाँ विशेष शिवलिंग है। समीप प्राचीन बावड़ी भी है। आज बापोली धाम में शिव भक्तों का मेला भरने के साथ नैत्र शिविर में शिव भक्तों की आंखों की जाँच उपचार शिविर लगाया जाएगा। प्राचीन एतिहासिक ग्राम जामगढ़ एवं भगदेई शिव और शक्ति के प्राचीन स्थान है। लगभग एक हजार फिट ऊँची पहाड़ी पर गुफा में विराजे भगवान शंकर सदियों से शिव भक्तों



के श्रद्धा केन्द्र बने हुए है। गुफा में बारह महीनों जल भरा रहता है। इसी के साथ भगदेई में ख्रजुराहों शैली की प्राचीन शिव मंदिर जहाँ सूर्योदय की सबसे पहले किरणे शिवलिंग का अभिषेक करती है। आज शिव भक्तों की पूजन, आरती, प्रार्थना करने भारी उपस्थिति रहेगी। पुल घाट मांगरोल के पास संचालित नर्मदा मैया सेवा आश्रम में राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल परिवार द्वारा शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व विभिन्न कार्यक्रमों के साथ सहपरिवार शिव भक्तों के साथ मनाया जाएगा।

जय स्तंभ के सामने लगी दुकानें, पिपरिया रोड पर जिम बर्बाद

# नगर के अधिकांश पार्क दुर्दशा का हो रहे शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर सीमा से लगी कृषि भूमियों पर तेजी से नई-नई कॉलोनियां विकसित हो रही हैं। इन कॉलोनियों में पार्क की मात्र औपचारिकता ही बनी हुई है। वर्षों से जय स्तंभ स्थित बाल विहार उजाड़ सा बना रहने के साथ सामने बाउंड्री से लगकर दुकानों पर दिन एवं रात में भीड़भाड़ की स्थिति बनी रहती है।

पिपरिया रोड पर नाहर गार्डन के गेट से लगकर बनाया गया परंतु निरंतर उपेक्षा से आम लोगों के विश्राम, बच्चों के खेलने के स्थान पर नशा करने वालों का अड्डा बन गया है।

नाहर नगर-नाहर कॉलोनी के पार्कों की स्थिति भी बत्तर बनी हुई है। पिपरिया मार्ग पर छोटी नहर के किनारे नगर पंचायत द्वारा वर्षों पूर्व




बनाया गया मिनी जिम, बच्चों के खेलने का स्थान भी देखरेख के अभाव में उजाड़ हो गया है। जिम की सामग्री टूट-फूट जाने, चोरी हो जाने से अब जिम वाला स्थान शराबियों नशा करने वालों का अड्डा बन जाने से खाली बोतलों पन्नियों और गंदगी बनी रहने से लोगों का वहां बैठना भी जोखिम भरा बना रहता है।

### वृक्षों की हो रही कटाई

सरकार और संस्थाओं द्वारा जहां एक वृक्ष मां के नाम एवं बारिश के दिनों में वृक्षारोपण अभियान चलाया वही नव विकसित रेवापुरम कॉलोनी में दाशकों पुराने हरे भरे विशाल वृक्षों की कटाई का मामला व्यापक चर्चाओं का विषय बना हुआ है।

मारुति नगर के पार्क की स्थिति भी और सडक़ों की हालत जर्जर जोखिम भरी बनी हुई है। पिपरिया मार्ग पर अन्य कॉलोनियों में पार्क तो दिखलाई नहीं देते परंतु रेवा पुरम कॉलोनी में चल रहे निरंतर निर्माण कार्य सडक़ पर मिट्टी से बनी धूल जरूर आने-जाने वाले लोगों के लिए भारी परेशानी और प्रदूषण बना रहने का कारण बन रही है।

## सवर्ण समाज ने किया ऐलान - अब सड़क पर होगा संघर्ष, मांग पूरी होने तक चरणबद्ध प्रदर्शन की चेतावनी

# यूजीसी बिल : विरोध के पहले चरण में 22 फरवरी को सवर्ण समाज भाजपा कार्यालय में जमा कराएंगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

- जनप्रतिनिधियों को बच्चों से फोन लगवाकर उनको पूछेंगे, इस मुद्दे पर अपना पक्ष बताएं, उनकी बात को रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर करेंगे वायरल
- सरकार की अर्थी निकालकर शहर के सागर - भोपाल तिराहा पर लाकर सर्वण समाज विधि विधान पूर्वक दाह संस्कार करेंगे
- समाज ने स्पष्ट किया कि विरोध पूरी तरह शांतिपूर्ण, संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से किया जाएगा, जिसमें जिलेभर की सवर्ण समाज शामिल होगी





प्रस्तावित यूजीसी बिल के विरोध में जिले का सवर्ण समाज अब खुलकर मैदान में उतर आया है। शहर में आयोजित सर्वसमाज की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जब तक सरकार इस बिल को वापस नहीं लेती, तब तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन की शुरुआत भाजपा कार्यालय एवं विधायक कार्यालय में "बच्चे भरो आंदोलन" से की जाएगी। बैठक में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों की बड़ी भागीदारी रही, जहां कानून के विरोध में एकजुटता का प्रदर्शन किया गया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जुड़े प्रस्तावित प्रावधानों को लेकर समाज में व्यापक असंतोष है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था जैसे संवेदनशील विषय पर बिना पर्याप्त संवाद के निर्णय लिए जा रहे हैं, जो भविष्य में विद्यार्थियों और समाज के हितों को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि बिल को तत्काल वापस लेकर सभी वर्गों से चर्चा के बाद ही कोई नया निर्णय लिया जाए।

बैठक में ब्राह्मण, कायस्थ, ठाकुर, वैश्य, माहेश्वरी, सिंधी, बघेल, रघुवंशी समाज सहित करणी सेना के पदाधिकारी और सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह आंदोलन किसी जाति विशेष का नहीं, बल्कि समान अधिकार और न्याय की मांग का आंदोलन है। समाज के वरिष्ठजनों ने इसे "अधिकारों की रक्षा का लोकतांत्रिक प्रयास" बताया।

वक्ताओं ने कहा कि यदि समय रहते सरकार ने निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया, तो आंदोलन को जिला स्तर से प्रदेश स्तर तक विस्तार दिया जाएगा। साथ ही, युवाओं और विद्यार्थियों को भी आंदोलन से जोड़ने की रणनीति बनाई गई है। समाज ने स्पष्ट किया कि विरोध पूरी तरह शांतिपूर्ण, संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से किया जाएगा।

### शामिल रहेगा सवर्ण समाज

आंदोलन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और 22 फरवरी को भाजपा कार्यालय में पहला प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं दूसरे चरण में जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को बच्चों द्वारा फोन लगाकर उनसे किए जा रहे आंदोलन में सहयोग मांगा जाएगा और ओडियो को सोशल मीडिया पर वायरल किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहेंगे और सरकार तक अपनी मांग पहुंचाएंगे।

### सरकार से बिल वापस लेकर व्यापक संवाद की मांग

बैठक के अंत में समाज प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इसके लिए आगामी दिनों में पुनः रणनीतिक बैठक बुलाकर आगे की रूपरेखा तय की जाएगी। समाज ने इसे "भविष्य और अधिकारों की लड़ाई" बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने का आह्वान किया। वहीं आवश्यकता पड़ने पर मातृ शक्ति को भी जोड़ा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कमल सोलंकी ने संभाला जिपं सीईओ का कार्यभार

**रायसेन।** जिले की प्रशासनिक व्यवस्था में अहम बदलाव के तहत वर्ष 2019 बैच के अधिकारी



कमल सोलंकी ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने अधिकारी और कर्मचारियों की बैठक लेकर योजनाओं की समीक्षा की। शासन की प्राथमिकताओं को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। पदभार ग्रहण करने के बाद सीईओ श्री सोलंकी ने कहा कि शासन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी मेहनत, लगन और निष्ठा के साथ किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण विकास से जुड़ी सभी योजनाओं, विशेषकर प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, स्वच्छता अभियान और महिला-बाल विकास योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जाएगा।

### शांतिपूर्ण संपन्न हुई बोर्ड परीक्षाएं , पुलिस मुस्तैद

**दीवानगंज।** पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज में आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 102 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि एक छात्र अनुपस्थित रहा। परीक्षा केंद्र पर व्यवस्थाएं सुचारु रहीं और विद्यार्थियों ने शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दी। वहीं पीएम श्री हाई स्कूल सेमरा के 9 विद्यार्थियों ने उर्दू विषय का पेपर दिया। केंद्र पर परीक्षा संचालन नियमों के अनुसार किया गया और प्रवेश से पहले विद्यार्थियों की जांच भी की गई। शनिवार को आयोजित कक्षा 10वीं की परीक्षा में 13 विद्यार्थियों ने ब्यूटी विषय तथा 30 विद्यार्थियों ने आईटी का पेपर दिया। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई। अधिकारियों के अनुसार दोनों दिनों की परीक्षाएं शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुईं।

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया जाएगा पर्व | सोमेश्वर धाम सहित जिलेभर में होंगे मेले के आयोजन, प्रशासन चौकस

# महाशिवरात्रि पर्व पर प्रसिद्ध शिव मंदिरों में लगेंगी श्रद्धालुओं की कतारें, होंगे कार्यक्रम

- भगवान शिव की आराधना का महापर्व शिवरात्रि इस बार जिलेभर में श्रद्धा और उत्सह के साथ मनाई जाएगी।
- शहर के प्रमुख शिवालयों में प्रात:कालीन महाअभिषेक, दिनभर जलाभिषेक और रात्रि में चार प्रहर की पूजा की जाएगी
- शहर में आज निकलेगी भव्य शिवजी की बारात, दुर्ग पर मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को समाजसेवियों द्वारा फलाहार का किया जाएगा वितरण

### महाशिवरात्रि पर 48 साल बाद शुभ चतुर्ग्रही संयोग, जिले के शिवालयों में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

महाशिवरात्रि पर्व जिलेभर में भक्ती और आराधना के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिरों एवं घरों में भगवान शिव के विशेष अभिषेक पूजा अर्चन किया जाएगा। वहीं जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिरों में विशाल मेलों का आयोजन किया जाएगा। संवेदनशील स्थलों पर जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। अहतियात के तौर पर विशेष पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

शहर के ऐतिहासिक दुर्ग पर स्थित सोमेश्वर महादेव, गढ़ी के महाबलीखोह, गैरतगंज के नीलकंठेश्वर महादेव, बरेली के जामवंत भगदेई व शिव बापोली धाम, भोजपुर के भोजेश्वर महादेव, बम्होरी के जलेश्वर महादेव सहित कई प्रसिद्ध स्थानों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर भगवान शिव की पूजा अर्चना करेंगे।

रायसेन दुर्ग स्थित सोमेश्वर धाम में प्रतिवर्ष अनुसार सोमेश्वर धाम समिति द्वारा विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में लगभग 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की पहुंचने की संभावना है। वहीं दुर्ग परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है, जिसकी अनुपम छटा दूर से ही देखते बनती है।



भोजेश्वर महादेव, भोजपुर

### उत्तर के सोमनाथ से प्रसिद्ध है भोजेश्वर

उल्लेखनीय है कि भोजपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर देश-विदेश में उत्तर का सोमनाथ के नाम से प्रसिद्ध है। यह मंदिर स्थापत्य कला का अद्भुत उदाहरण है। इस शिव मंदिर के गर्भगृह में स्थित 7.5 फुट लंबा और 17.8 फुट परिधि का शिवलिंग एक ही चट्टान को काटकर बनाया गया है जो आश्चर्यजनक है। अपने अपार और जटिल संरेखण में शिवलिंग के साथ इस मंदिर को पूरब का सोमनाथ होने का गौरव प्राप्त है। परमारकालीन इस मंदिर पर प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर विशाल मेला लगता है। साथ ही संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से भोजपुर महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

### प्रशासन की निगरानी में सिर्फ 12 घंटे के लिए खुलेगा मंदिर | साल में सिर्फ महाशिवरात्रि पर खुलते है सोमेश्वर के पट

रायसेन दुर्ग पर विराजमान सोमेश्वर धाम मंदिर पूरे साल बंद रहता है। पुरातत्व विभाग के अधीन इस मंदिर का ताला साल में सिर्फ एक बार महाशिवरात्रि पर खोला जाता है। इससे श्रद्धालु सूर्योदय से लेकर सूर्याअस्त तक ही शिवलिंग के पास पहुंचकर पूजा और अभिषेक कर पाते हैं। जबकि साल भर के लिए पट बंद कर दिए जाते हैं। इस तरह से यहां भी भगवान भोलेनाथ साल भर कैद में रहते हैं। इस वर्ष भी विशाल मेले का आयोजन किया गया है, जिसमें 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की पहुंचने की संभावना है।



### 1100 रुद्रधारी नील कंठेश्वर महादेव मंदिर में लगेगा विशाल मेला

गैरतगंज से 20 किमी दूरी स्थित तथा क्षेत्र के प्रसिद्ध शिवधाम श्री नीलकंठेश्वर धाम पाटन में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाविशवरात्रि पर्व



पर विशाल मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में हजारों भक्तों द्वारा मंदिर पहुंचकर 1100 रुद्रधारी शिवलिंग की विशेष पूजा आराधना की जाएगी। मंदिर के पुजारी बाबा महाकाल ने बताया कि शिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालु शिवलिंग के दर्शन कर पूजा आराधना करेंगे।

### महाबलीखोह में शिवरात्रि पर होगा यज्ञ का समापन

गढ़ी के समीप स्थित तपोभूमि महाबलीखोह एक प्रसिद्ध देव स्थल है, यहां पर भगवान भोलेनाथ के साथ श्रीराम दरबार एवं भक्त शिरोमणी हनुमान जी विराजमान है। यहां प्रतिवर्ष शिवरात्रि पर्व पर विशाल मेले का आयोजन एवं यज्ञ का आयोजन किया जाता है। मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु



पहुंचते है। ऐसी मान्यता है कि यहां भगवान भोलेनाथ के समीप कोई भी अपनी मनोकामना रखता है, तो उसकी मनोकामना अवश्य ही पूरी होती है। श्री सुखदेव महाराज ने बताया कि इस वर्ष सप्त दिवसीय शिव महारुद्र का किया जा रहा है, जिसका समापन शिवरात्रि पर्व पर होगा।

### थाने से महादेव को पुलिस अभिरक्षा में निकालकर होगी पूजा-अर्चना

### साल में सिर्फ दो बार भक्तों को दर्शन देते हैं 'जलेश्वर महादेव'



**सिलवानी।** क्षेत्र के बम्होरी में स्थित जलेश्वर महादेव एक प्रसिद्ध स्थल है, यहां पर विराजे भोलेनाथ को साल में सिर्फ दो बार पुलिस अभिरक्षा में थाने से बाहर निकालकर भक्तों के दर्शन के लिए शिवलिंग को पीडब्ल्यूडी के विश्राम गृह में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ रखा जाता है। शाम को फिर इसे पुलिस जीप में रखकर थाने लाया जाता है। इस तरह की परंपरा करीब 35 सालों से चल रही है। पंडित कृष्णकांत आचार्य ने बताया कि अधिकारियों और स्थानीय लोगों के बीच हुए समझौते के तहत शिवलिंग को थाना परिसर के मंदिर में रखा गया और वहां से साल में दो बार पुराने थाने में आम लोगों को दर्शन के लिए शिवलिंग को लाया जाता है। शिवरात्रि महापर्व पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है।

### बापोली धाम, जामगढ़ शिव मंदिर में लगेगा मेला, होंगे कई आयोजन

**बरेली।** महाशिवरात्रि पर्व मनाने शिव भक्तों में भारी उत्साह बना हुआ है। बापोली धाम में शिव भक्तों का मेला लगेगा। विन्ध्य पर्वत की लगभग एक हजार फिट ऊंची पहाड़ी पर बनी प्राचीन गुफा में विराजे भगवान शंकर की पूजा अर्चना करने जामगढ़, भगदेही सहित ग्रामीण क्षेत्र में आए शिव भक्तों की पूजन करने भारी उपस्थिति रहेगी। माँ नर्मदा मैया के उत्तर तट स्थित मंगलेश्वर तीर्थ एवं पुल घाट के पास स्थित नर्मदा मैया सेवा आश्रम में भी महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा।

## सोमेश्वर धाम के पट खुलवाने सौंपा ज्ञापन, निकाली पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शिव मंदिर सोमेश्वर धाम मुक्ति मोर्चा के बैनर तले साधु संत समाज सहित विहिप, श्री हिंदू उत्सव समिति सहित समस्त हिंदूवादी संगठनों द्वारा एकजुटता दिखाते हुए रविवार को दोपहर बाद सिद्ध हनुमान मंदिर पाटनदेव से पदयात्रा शुरू कर



सागर भोपाल तिराहे तक पैदल मार्च किया। शंख घड़ियाल झांझ मंजीरे बजाते हुए पदयात्रा निकालकर सागर भोपाल तिराहे पहुंचे। जहां शांतिपूर्ण माहौल में राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम मनीष शर्मा को सौंपा गया।

## बैठक में डीजे की आवाज सीमित रखने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर सहित जिलेभर में संचालित दसवीं बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के चलते विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखते हुए रविवार को शहर के सभी मैरिज गार्डन संचालकों एवं डीजे संचालकों की आवश्यक बैठक पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित की गई। बैठक में एसडीओपी रायसेन नीलम चौधरी और कोतवाली थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल विशेष रूप से मौजूद रहे।बैठक में एसडीओपी श्रीमती चौधरी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि डीजे की आवाज निर्धारित सीमा में ही रखी जाए। कानफोड़ू शोर से न केवल विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। बल्कि नागरिकों, बुजुर्गों को भी परेशानी झेलना पड़ती है।

## भगत सिंह फैंस क्लब के आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

### नगर परिषद अध्यक्ष ने किया विजेताओं को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

स्थानीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को मंच देने नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई के मार्गदर्शन में भगत सिंह फैंस क्लब के तत्वाधान में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार को समापन हुआ। टूर्नामेंट के अंतिम दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिसके बाद पुरस्कार वितरण हुए।

खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार और ट्रॉफियां प्रदान की गईं। प्रथम पुरस्कार (11000 रुपये) वार्ड 2 पार्षद प्रतिनिधि मनीष विश्वकर्मा की ओर से। द्वितीय पुरस्कार (7,000 रुपए) वार्ड 15 के पार्षद प्रतिनिधि देवेश जैन (दीपू भैया) की ओर से प्रदान किया गया। विजेताओं और उप-विजेताओं को नप अध्यक्ष जिनेश सिंघई द्वारा ट्रॉफियां और नकद राशि भेंट की गई।

**टूर्नामेंट के अंतिम दिन देखने को मिले रोमांचक मुकाबले,**

**विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार और ट्रॉफियां प्रदान की गईं।**



टूर्नामेंट को सफल बनाने में भगत सिंह फैंस क्लब के मुकेश जैन, संतोष कुशवाह, रोहित मीणा, बसंत सिसोदिया, मुकद्दम पठान एवं अन्य कार्यकर्ताओं योगदान रहा।

### आज महाशिवरात्रि के अवसर पर होगा दिव्य स्थापना महोत्सव

## शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकली विराट शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर इन दिनों धर्म, संस्कृति और श्रद्धा की अद्भुत छटा से सराबोर है। अनगढ़ श्रीहनुमान मंदिर परिसर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा के लिए 8 दिनी धार्मिक आयोजन में शनिवार को नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल रहे। नगर की सड़कों पर गूंजते जयकारे, भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों की ध्वनि और श्रद्धालुओं की उमंग ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

शोभायात्रा की शुरुआत बजरंग चौराहे से हुई, जहां भगवान शिव, माता पार्वती, श्री गणेश और कार्तिकेय की आकर्षक प्रतिमाओं को विराजित किया। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर और आरती उतारकर शोभायात्रा का स्वागत किया। नगरवासियों ने अपने घरों के सामने रंगोली बनाकर और दीप प्रज्वलित कर शोभायात्रा का स्वागत किया। सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के साथ नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर आयोजन में सहयोग किया।



शोभायात्रा के दौरान महिलाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए आयोजन में नई ऊर्जा का संचार किया। भजन मंडलियों के गायन और ढोल-नगाड़ों की ताल पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। जगह-जगह लोगों ने भगवान शिव परिवार की प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना कर नगर की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

आयोजन समिति के अनुसार, आज शनिवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर शिखर पर कलशारोहण, यज्ञ की पूर्णाहुति तथा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। विद्वान पंडितों के मार्गदर्शन में सभी धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान और शास्त्रों के अनुसार आयोजित किए जा रहे हैं।



प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना का क्रम प्रारंभ होगा और श्रद्धालुओं को दर्शन का लाभ मिलेगा।

आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात विराट समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जहां हजारों श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया जाएगा। धार्मिक आयोजन के दौरान सुरक्षा और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया।